महत्वपूर्ण / विशेष ध्यानाकर्षण

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

केन्द्र अधीक्षक / स्थायी पर्यवेक्षक,
सम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा,
मई–2026 हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र।
(राजकीय / अनुदानित / पी0पी0पी0 मोड)

पत्रांकः–प्राशिप / अनु04 / 2026 / 1932 लखनऊःदिनांक– 26/05/2026

विषयः–दिनांक 28–5–2026 को आयोजित होने वाली सम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–2026 स्थगित करते हुए दिनांक 31–5–2026 को आयोजित कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–2026 दिनांक 11–5–2026 से 06–06–2026 के मध्य राजकीय / अनुदानित / पी0पी0पी0 पालीटेक्निक परीक्षा केन्द्रों पर वर्तमान में संचालित हो रही है।

ईद–उल–अजहा (बकरीद) का पर्व दिनांक 28–05–2026 को पड़ जाने के कारण दिनांक 28–5–2026 को आयोजित होने वाली सम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–2026 के समस्त प्रश्नपत्रों की परीक्षाएं स्थगित करते हुए दिनांक 31–5–2026 को आयोजित करायी जायेंगी।

कृपया उपरोक्तानुसार अवगत होते हुए अपने परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / अनु04 / 2026 / 1933-38 तद्दिनांक– 26/05/2026

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन / अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को प्रमुख सचिव / अध्यक्ष महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र।
5. प्रधानाचार्य / निदेशक, परिषद से सम्बद्ध समस्त राजकीय / अनुदानित / पी0पी0पी0 / निजी क्षेत्र की डिप्लोमा इंजी0 संस्थान, को इस निर्देश के साथ कि अपने संस्थान में अध्ययनरत् छात्र / छात्राओं को उपरोक्तानुसार सूचित करने का कष्ट करें।
6. अनुभाग अधिकारी / प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग को उपरोक्त सूचना वेबसाइट पर अपलोड किये जाने के संबंध में।

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव

E:\28-5-26 EXAM MAY 26.docx